तापमान
अधिकतम 34 .5 डिग्री
न्यूनतम 22 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, जून 4, 2025

10 कई गांवों की बदलेगी तस्वीर 8.27 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास



10 हरियाणवी नृत्य पर कलाकारों ने मचाया धमाल..



## छह लाख के बिजली के तार और कार चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में चोरों ने एक ही दिन में दो वारदातों को अंजाम दिया। गांव कारद में 33 केवी पावर हाउस से तार चोरी हुए। इसी क्षेत्र के गांव शाहपुर से एक ईको कार भी गायब हो गई। सेंचुरी कंपनी बीड 709 के कर्मचारी प्रवीण कुमार ने थाना इसराना में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि कंपनी भारत सरकार की मंजूरी से 33 केवी पावर हाउस का निर्माण कर रही है। एक जून की रात को चोर 2250 मीटर तार चुरा ले गए। चोरी के समय दो चौकीदार तैनात थे। चोरी हुए तारों की कीमत 6 लाख रुपए है। दूसरी वारदात में शाहपुर निवासी पवन ने बताया कि वह टैक्सी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। एक जून की शाम को उसने अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी। पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर ली है।

## निर्जला एकादशी-श्रीहरि विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा का दिन

- निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है, क्योंकि इस व्रत को सबसे पहले पांडव पुत्र भीम ने किया था। पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 6 जून को रात 2 बजकर 15 मिनट पर आरंभ हो रही है, जो 7 जून को सुबह 4 बजकर 47 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के आधार पर निर्जला एकादशी व्रत 6 जून को रखा जाएगा, जो गृहस्थ लोग रख सकते हैं। इसके अलावा वैष्णव संप्रदाय के लोग 7 जून 2025 को रखेंगे। निर्जला एकादशी व्रत हर साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को रखा जाता है और जैसा कि नाम इसके नाम से पता चल रहा है, इसमें निर्जला व्रत रखने का विधान है। यह व्रत सबसे कठिन एकादशी में से एक माना जाता है, इसलिए इसके नियमों का पालन करना बहुत महत्वपूर्ण है ताकि व्रत खंडित न हो और व्रती को इसका पूरा फल प्राप्त हो सके। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ. रामराज कौशिक ने बताया कि निर्जला एकादशी पर व्रत का नियम का पालन करना है जरूरी एकादशी व्रतों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एकादशी होती है। इसे निर्जला-एकादशी या भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है। केवल निर्जला एकादशी व्रत करने मात्र से वर्ष भर की सभी 24 एकादशियों के व्रतों का पुण्यफल प्राप्त हो जाता है। अतः जो साधक वर्ष की समस्त एकादशियों का व्रत कर पाने असमर्थ हों, उन्हें निर्जला एकादशी अवश्य करना चाहिए।

### निर्जला एकादशी का महत्व



हिन्दू पंचाग के अनुसार, वृषभ और मिथुन संक्रांति के बीच ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी निर्जला एकादशी कहलाती है। यह व्रत मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के नजरिए से भी अति महत्त्वपूर्ण है। एकादशी का व्रत भगवान विष्णु की आराधना को समर्पित है। इस एकादशी का व्रत करके श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार दान करना चाहिए। इस दिन विधिपूर्वक जल कलश का दान करने वालों को पूरे साल की एकादशियों का फल मिलता है। जो इस पवित्र एकादशी व्रत को करता है, वह समस्त पापों से मुक्त हो जाता है। विशेष एकादशी के पूजन का है विशिष्ट नियम इस विशेष एकादशी के पूजन का विशिष्ट नियम भी है, जिसका अनुपालन बहुत जरूरी होता है। इस दिन अन्न का त्याग बहुत जरूरी है। इस दिन किसी भी प्रकार का अनाज पूरी तरह से वर्जित है। इसमें फलाहार भी मान्य नहीं है। व्रत के दौरान मन को शांत और शुद्ध रखना चाहिए। किसी के प्रति बुरे विचार नहीं लाने चाहिए और तीखा बोलने से बचना चाहिए। दिनभर कम बोलना चाहिए और हो सके तो मौन रहना चाहिए। दिन में सोने से बचना चाहिए। इस व्रत में ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए और शारीरिक इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और कथा सुनना चाहिए। इसके साथ ही इस तिथि पर रात में जागरण करना भी शुभ माना जाता है।

### खबर संक्षेप

#### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी अभि को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 1 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22 मई 2025 से 24 मई 2025 के दौरान अज्ञात आरोपी ने उसके निर्माणाधीन घर से पानी के नल, बिजली के तारें व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

#### कम आयु के बच्चों को वाहन न दें परिजन

**अंबाला।** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने अभिभावकों से कहा कि वह अपने कम आयु के बच्चों को एक्टिवा, मोटरसाइकिल व कार इत्यादि सड़क पर चलाने हेतू न दे। कम आयु के बच्चे पूर्णरूप से परिपक्व नहीं होते। यातायात के नियमों की जानकारी न होने के कारण छोटे बच्चे वाहनों को लापरवाही से चलाते हैं। इससे वह अपने तथा दूसरों के जीवन में जोखिम में डाल देते हैं। एसपी ने अभिभावकों से कहा है कि निर्धारित आयु होने पर ही बच्चों का लाइसेंस बनवाकर उन्हें वाहन चलाने की अनुमति दें।

#### पानीपत से महिला बैंक कर्मी लापता

**पानीपत।** पानीपत के गांव आसन कलां से प्राइवेट बैंक में कर्मचारी महिला संदिग्ध हालात में लापता हो गई। वहीं महिला का पति पति एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता है। 18 मई को महिला सुबह बैंक में ड्यूटी के लिए गई थी। जबकि पति भी फैक्ट्री चला गया था और तीनों बच्चे घर पर थे। शाम को जब पति घर लौटा, तो पत्नी नहीं पहुंची थी। देर रात तक उसका कोई पता नहीं चला। पति की शिकायत पर पुलिस चौकी थर्मल ने महिला की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

#### हथियार व कारतूसों के साथ दो पकड़े

**समालखा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने समालखा के नजदीक जीटी रोड पर निरंकारी सत्संग भवन के पास एक्टिवा सवार कृष उर्फ हन्नी पुत्र फूल कुमार निवासी गांव सरगथल व सौरभ पुत्र बिजेंद्र निवासी गांव जाहरी जिला सोनीपत को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्तौल .315 बोर, एक देसी पिस्तौल .12 बोर व दो जिंदा रौंद बरामद हुए है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड रहा है।

#### अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण टू की टीम ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देसी पिस्टर व दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव भंभौली के पास एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक वहां से भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से देसी पिस्टल व दो जिंदा रौंद बरामद हुए।

### भारतीय आर्य भजनोपदेशक परिषद् के वार्षिक अधिवेशन में बोले गुजरात के राज्यपाल

## प्राकृतिक खेती को भी मिशन बनाएं आर्य समाज के प्रचारक : आचार्य देवव्रत

खेतों में पड़ने वाले पेस्टीसाइड हमारे भोजन के द्वारा हमारे शरीर में जा रहे हैं जो गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



आर्य समाज के भजनोपदेशकों के साथ गुजरात के राज्यपाल एवं गुरुकुल के संरक्षक आचार्य देवव्रत। फोटो : हरिभूमि

आर्य समाज ने हमेशा समाज से कुरीतियों को दूर कर मानव उत्थान का कार्य किया है, विशेष तौर पर आर्य समाज के भजनोपदेशकों और प्रचारकों ने गांव-गांव, गली-गली जाकर लोगों को पाखंड, अंधविश्वास और छुआछूत जैसी विसंगतियों के खिलाफ जागरूक किया और समाज में सकारात्मक बदलाव के साक्षी बने। आज फिर समाज को ऐसे ही बदलाव की जरूरत है जो खेती के क्षेत्र में होना अति आवश्यक है क्योंकि खेतों में प्रयोग हो रहे यूरिया, डीएपी और पेस्टीसाइड हमारे स्वास्थ्य को बीमार बना रहे हैं, जिससे केवल प्राकृतिक खेती ही हमें बचा सकती है। ये विचार गुजरात के राज्यपाल एवं गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक आचार्य देवव्रत ने भारतीय आर्य भजनोपदेशक परिषद के वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।


आचार्य ने कहा कि आर्य समाज के प्रचारकों को हिन्दी आन्दोलन, गो रक्षा आन्दोलन की तरह ही अब प्राकृतिक खेती मिशन को एक आन्दोलन के रूप में चलाना होगा ताकि देश का किसान रासायनिक खेती को छोड़कर गो आधारित प्राकृतिक खेती की ओर लौटे। आचार्यश्री ने कहा कि आज 8-10 वर्ष के बच्चों को भी कैंसर जैसी घातक बीमारी हो रही हैं, मां के दूध में भी यूरिया की पुष्टि देश के वैज्ञानिक कर चुके हैं। हर घर में शुगर, बीपी जैसी बीमारियों के मरीज हैं। यह सब हमारे दूषित खानपान के कारण हो रहा है। खेतों में पड़ने वाले पेस्टीसाइड हमारे भोजन के द्वारा हमारे शरीर में जा रहे हैं जो इन गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं। डब्ल्यूएचओ का तो यहां तक कहना है कि आने वाले 10-15 वर्षों में भारत में कैंसर विस्फोट होगा। ऐसे में हम सभी का यह दायित्व है कि मानव कल्याण और प्रकृति के संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाएं और दूसरे लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर आचार्यश्री ने गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग के साथ वयोवृद्ध भजनोपदेशक धनीराम बेधड़क, मास्टर हरी सिंह, बीर सिंह आर्य, अमर सिंह, पंडित सीताराम और श्रीमती संतोषबाला आर्या को 11 हजार रुपये, शॉल और श्रीफल देकर आर्यसमाज के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर परिषद् प्रधान सहदेव सिंह बेधड़क, उप प्रधान पंडित योगेश दत्त, महामंत्री कैलाश कर्मठ, ओएसडी टू गर्वनर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य एवं गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग सहित अनेक आर्य विद्वान और प्रचारक मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार भांजे की मौत, मामा गंभीर

- नेशनल हाईवे 344 पर गांव फूंसगढ़ के पास हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नेशनल हाईवे 344 पर गांव फूसगढ़ के पास कार की टक्कर लगने से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका मामा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे के समय मृतक युवक अपने मामा को स्कूटी पर दवाई दिलवाने के लिए गांव सुढैल जा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार गांव मिल्क सुखी निवासी बलबीर सिंह ने बताया कि उसकी जम्मू कॉलोनी में रिश्तेदारी है। उसका रिश्तेदार जम्मू कॉलोनी निवासी कृष्ण लाल कई दिन से बीमार रहा है। वह उसका हाल जानने के लिए उसके घर गया था। कृष्ण लाल का भांजा रणजीत कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय राकेश गिल भी वहां पर आया हुआ था। तब उसने अपने रिश्तेदार को सुढैल गांव में डॉक्टर से देसी दवाई दिलाने की सलाह दी। जिसके बाद कृष्ण लाल को उसका भांजा राकेश गिल स्कूटी पर बिठाकर दवा दिलाने सुढैल ले जा रहा था। वह भी उनके साथ अलग बाइक पर था। नेशनल हाईवे 344 पर जब राकेश गिल व उसका मामा कृष्ण लाल गांव फूसगढ़ के मोड के पास पहुंचे तो सहारनपुर की तरफ से तेज गति से कार लेकर आ रहे कालका निवासी विकास ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राकेश गिल व कृष्ण लाल सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक कुछ देर मौके पर रुकने के बाद वहां से फरार हो गया। उसने राहगीरों की मदद से घायल राकेश गिल व कृष्ण लाल को शहर के निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने राकेश गिल को मृत घोषित कर दिया जबकि कृष्ण लाल का उपचार अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आरोपी कार चालक कालका निवासी विकास पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## वर्क आर्डर हो चुके विकास कार्यों को जल्द निपटाएंः बहमनी

- मेयर ने कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक लेकर ली वार्ड वाइज विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** कन्हैया साहिब चौक स्थित निगम कार्यालय में कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए मेयर सुमन बहमनी। *फोटो : हरिभूमि*

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक का आयोजन मंगलवार को शहर के कन्हैया साहिब चौक के नजदीक स्थित निगम के कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुमन बहमनी ने की। उन्होंने बैठक में वार्ड नंबर एक से 22 में होने वाले व निर्माणाधीन विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

मेयर सुमन बहमनी ने बैठक में वार्ड वाइज हर कनिष्ठ अभियंता से उनके वार्ड में निर्माणाधीन गलियों, नालियों, सामुदायिक भवनों, पार्कों के सौंदर्यीकरण, मरम्मत कार्य व अन्य विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन जिन विकास कार्यों के वर्क ऑर्डर हो चुके है, उन्हें निर्धारित समय पर पूरा कराएं। सभी कनिष्ठ अभियंता वार्डों में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करें। हर विकास कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। मेयर ने निर्देश दिए कि जिन विकास कार्यों के एस्टीमेट तैयार हो चुके हैं। उनके जल्द टेंडर अलॉट किए जाए। जिन विकास कार्यों के वर्क अलॉट हो चुके हैं। उनके निर्माण में तीव्रता लाएं। जिन नियमित कॉलोनियों में कार्य होने हैं। उनके एस्टीमेट तैयार कर जल्द करवाएं। जो काम वर्क अलॉट होने के बाद शुरू नहीं हो पाए उनका कारण पता कर जल्द शुरू कराएं।

## शिक्षा के साथ खेलों से होता विद्यार्थियों का विकास

- भगत फूल सिंह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज खानपुर में आयोजित हुआ उमंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना



**पानीपत।** एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रिंसिपल डॉ .पीके सिंह, डॉ. निवोदिता पांडेय व कर्नल रामकुमार के साथ विजेता खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

भगत फूल सिंह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज खानपुर में आयोजित उमंग में एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल इसराना के छात्रों ने भाग लेकर मेडल जीते। जिनका आज एनसी मेडिकल में पहुंचने पर कॉलेज मैनेजमेंट व स्टाफ की तरफ से स्वागत किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल मेजर जनरल डॉ.पीके सिंह ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी भाग लेना चाहिए। जिससे छात्रों में कंपटीशन की भावना के साथ.साथ मन में शांति व प्रेम भावना बढ़ती है। इसके साथ ही खेलों से विद्यार्थियों के अंदर खेल भावना का विकास होता है और वह भविष्य में अच्छा इंसान बनात है।

#### ये रहे परिणाम

खेल व सांस्कृतिक प्रोग्राम की डायरेक्टर प्रो.डॉ.निवेदिता पांडेय ने बताया बीपीएस खानपुर में आयोजित उमंग में आस्था यादव ने डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल व शॉटपुट में ब्राउंस मेडल, ओसीन श्योरान ने 100 मीटर में सिल्वर 200 मीटर में ब्रांउज मेडल, रितेश ने बैडमिंटन सिंगल में गोल्ड, इसके साथ ही बैडमिंटन मिक्स डबल में साक्षी के साथ सिल्वर मेडल जीता और करण प्रताप बैच चेस ग्रैंड मास्टर में गोल्ड मेडल, गुनीत बैच ने टेबल टेनिस में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

#### विजेताओं को बधाई

वहीं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में ओशीन ने इंग्लिश पोयम राइटिंग में फर्स्ट पोजीशन, अंशुल बैच हिंदी पोयम राइटिंग में प्रथम, गनतुया ने सोलो डांस में फरुट पोजीशन, भूमिका ने सोलो डांस में थर्ड पोजिशन हासिल की। कॉलेज अध्यक्ष भूषण गुप्ता, डीबी गुप्ता, विजय गुप्ता ने विजेता छात्रों को बधाई दी।

### हालात वेयर हाउस व सोसायटी के बीच खरीद को लेकर नहीं हुआ एग्रीमेंट

## सूरजमुखी की 500 क्विंटल आवक, चार दिन बाद भी नहीं शुरू हो पाई सरकारी खरीद

फसल बेचने को लेकर किसानों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

- सरकार ने एक जून से प्रदेश की कुछ मंडियों में दे रखे थे आदेश
- 7280 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होनी थी सरकारी खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

दो खरीद एजेंसियों की अनाज मंडी से अभी तक सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरू नहीं हो पाई। इसी वजह से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार ने एक जून से प्रदेश की कुछ मंडियों में सूरजमुखी की सरकारी खरीद 7280 रुपये प्रति क्विंटल की दर से करने के आदेश जारी किए थे। निदेशालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के विभाग द्वारा जारी पत्र दिनांक 22 मई 2025 को आदेश जारी कर अनाज मंडी से सूरजमुखी की सरकारी खरीद करने का जिम्मा हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन को दिया था। 4 दिन बीत जाने पर भी खरीद एजेंसी वेयरहाउस ने अनाज मंडी ने सूरजमुखी की खरीद आरम्भ नहीं की। वेयरहाउस के जिला प्रबंधक प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि अनाज मंडी से सूरजमुखी की सरकारी खरीद करने हेतु उन्होंने दि नारायणगढ़ सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति को खरीद करने के लिए लिख दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि वे सोसायटी के माध्यम से ही अनाज मंडी से सूरजमुखी की खरीद करेंगे। इस बारे में हैफेड के मैनेजर अनिल कुमार से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि सरकार ने वेयरहाउस को सूरजमुखी की खरीद करने के आदेश दिए हैं। वेयरहाउस के जिला प्रबंधक ने उन्हें उनकी सोसायटी के माध्यम सूरजमुखी की खरीद करने हेतु कहा तो है परंतु अभी तक खरीद को लेकर कोई भी एग्रीमेंट नहीं किया है। न ही वेयरहाउस के प्रबंधक सोसायटी से एग्रीमेंट करने को तैयार हैं। मैनेजर अनिल कुमार के अनुसार बिना एग्रीमेंट के कैसे सोसायटी खरीद करेगी। खरीद करने का खर्चा कौन वहन करेगा । बता दें कि प्रदेश में हैफेड द्वारा किसी भी फसल की सरकारी खरीद करने हेतु प्रदेश मंडी में स्थित सोसायटियों के साथ हैफेड का समझौता हुआ है। इसी समझौते के आधार पर ही मंडियों से सोसायटियां खरीद करती हैं।

#### स्टेट वेयरहाउस को आदेश दिए : मार्केट कमेटी सचिव

मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अनाज मंडी से सूरजमुखी की सरकारी खरीद करने हेतु स्टेट वेयरहाउस को आदेश दे रखे हैं परंतु वेयरहाउस के अधिकारी इस खरीद बारे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे रहे हैं। शर्मा ने बताया कि अनाज मंडी में अभी तक लगभग 500 क्विंटल सूरजमुखी की आवक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकारी द्वारा जारी आदेशानुसार वेयरहाउस कॉरपोरेशन को खरीद तुरंत प्रभाव से आरंभ कर देनी चाहिए। यदि वह अनाजमंडी में स्थित सोसायटी से खरीद करवाना चाहती है तो उन्हें सोसायटी के साथ एग्रीमेंट भी कर लेना चाहिए।

## तनाव के कारण 65 प्रतिशत लोगों को आ रहे हार्ट अटैक



बराड़ा। कार्यशाला के दौरान मौजूद शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के तत्वावधान में दो दिवसीय शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सीबीएसई द्वारा नामित रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों को व्यावहारिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। कार्यशाला में तनाव प्रबंधन विषय पर सत्र आयोजित किया गया, जिसका संचालन आशुतोष गौड़ ने किया। उन्होंने बताया कि तनाव हमारे जीवन में कैसे, कब और क्यों प्रवेश करता है। इसके मुख्य कारण क्या हैं। उन्होंने यह भी बताया कि तनाव कई बार हमारे अपने ही जीवनशैली और सोच के कारण उत्पन्न होता है। देश में तनाव से होने वाले हृदयघात के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि देश में 65% हार्ट अटैक के पीछे तनाव एक प्रमुख कारण है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यस्थल पर अत्यधिक दबाव और व्यक्तिगत संबंधों में खटास, जैसे तलाक भी तनाव को बढ़ावा देते हैं। इसका सीधा असर हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसके बाद सीमा तंवर ने तनाव को कम करने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने योग, ध्यान, साधना और मनोरंजन जैसे उपायों को दैनिक जीवन में शामिल करने की सलाह दी ताकि व्यक्ति संतुलित और तनावमुक्त जीवन सके।

## खबर संक्षेप

### युवाओं को जोड़ने में सुरजेवाला की भूमिका

**रादौर।** रादौर के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री रणदीप सिंह सुरजेवाला का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसी नेता एडवोकेट सतीश सांगवान के नेतृत्व में केक काटा और सभी को शुभकामनाएं दी। मौके पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हवन यज्ञ कर पूर्व विधायक रणदीप सुरजेवाला की लम्बी आयु की कामना की। कांग्रेसी नेता सतीश सांगवान ने कहा कि पूर्व विधायक रणदीप सुरजेवाला युवाओं के आदर्श हैं। प्रदेश के विकास में उनका विशेष योगदान रहा है। कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने में सुरजेवाला परिवार द्वारा अहम भूमिका निभाई गई है। प्रदेश में युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के लिए रणदीप सुरजेवाला ने कड़ी मेहनत की। जिस कारण आज भी प्रदेश के अधिकतर युवा कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़े हुए हैं।

### चोरों ने सूने घर में घुसकर चुराई नकदी और गहने

**यमुनानगर।** चोरों ने सबलपुर स्थित घर में घुसकर अलमारी से सोने के गहने व नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव सबलपुर निवासी गुलशन कुमार ने बताया कि एक जून को वह और उसकी पत्नी अनिला देवी खेतों में मजदूरी करने गए थे। दोपहर दो बजे खेत से काम खत्म करके जब वह घर आए तो उन्होंने देखा कि अलमारी का ताला खुला हुआ था। जांच करने पर अलमारी के अंदर से पत्नी का सोने का हार, एक जोड़ी सोने के कानों के टॉप्स, एक जोड़ी चांदी की पाजेब, 1800 रुपये व अन्य सामान गायब था। उसने चोरी की सूचना छप्पर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं के कारण लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति रोष पनप रहा है।

15 जून को सरपंच पद के लिए होना था उप चुनाव

# पालेवाला में बलवान सिंह सर्वसम्मति से बने सरपंच

## नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन तक बलवान सिंह व मौजूदा पंच हरकेश कुमार थे मैदान में

सरपंच सुखबीर सिंह ने सरकारी नौकरी मिलने के कारण दे दिया था त्यागपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** गांव पालेवाला में सर्वसम्मति से सरपंच चुने जाने के बाद ग्रामीणों का आभार प्रकट करते हुए नवनियुक्त सरपंच बलवान सिंह।

गांव पालेवाला के ग्रामीणों ने बलवान सिंह को सर्वसम्मति से सरपंच चुन लिया गया है। पालेवाला गांव में 15 जून को सरपंच पद के लिए उपचुनाव होना था। इससे पहले ही ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से बलवान सिंह को सरपंच पद के लिए चुन लिया गया। नामांकन वापिस लेने के अंतिम दिन तक चुनाव मैदान में बलवान सिंह व मौजूदा पंच हरकेश कुमार उर्फ टीटा चुनाव मैदान में थे। मगर ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से बलवान सिंह को गांव का सरपंच चुन लिया और पंच हरकेश कुमार ने अपना नामांकन पत्र वापिस ले लिया।

पालेवाला गांव में इससे पहले सुखबीर सिंह को सरपंच चुना गया था। मगर उन्होंने 21 अप्रैल 2024 को आईटीआई यमुनानगर में टीचर के पद पर नियुक्ति होने के बाद सरपंच पद से त्यागपत्र दे दिया था। जिसके बाद गांव के पंच हरकेश कुमार को 10 अगस्त 2024 को गांव का कार्यवाहक सरपंच नियुक्त किया गया था। सुखबीर सिंह 2 नवंबर 2022 से 21 अप्रैल 2024 तक गांव के सरपंच रहे। जिसके बाद सरकारी पद पर काबिज होने के चलते सुखबीर सिंह ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। अब बलवान सिंह गांव के सरपंच नियुक्त हुए हैं। पिछले सरपंच पद के चुनाव में सुखबीर सिंह ने बलवान सिंह को मात्र 1 मत से हराकर सरपंच पद पर कब्जा किया था। जिसमें सुखबीर सिंह को 390 मत व बलवान सिंह को 389 मत प्राप्त हुए थे। सरपंच पद का चुनाव मात्र 1 मत से हारने के बाद बलवान सिंह को ग्रामीणों ने अब सर्वसम्मति से गांव का सरपंच नियुक्त किया है। बलवान सिंह सरपंच पद पर लगभग ढ़ाई वर्ष तक आगामी चुनाव होने तक काबिज रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पंचायती चुनावों में गांव पालेवाला की पंचायत को एससी वर्ग के लिए आरक्षित किया गया था। गांव के मौजूदा सरपंच बलवान सिंह ने मुंकदलाल कॉलेज रादौर से बीए तक शिक्षा ग्रहण की है। जो खेती बाड़ी का कार्य करते हैं। नवनियुक्त सरपंच बलवान सिंह ने बताया कि उनकी प्राथमिकता गांव में भाईचारा कायम करने व गांव का विकास करवाना होगी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच बालकृष्ण, संग्राम राणा, कोच अमित राणा, कार्यवाहक सरपंच हरकेश उफर् टीटा, ज्ञान सिंह नंबरदार, रविंद्र शर्मा, शिवकुमार राणा व पूर्व सरपंच राजबीर राणा आदि ग्रामीणों ने नवनियुक्त सरपंच को बधाई व शुभकामनाएं दी।



**यमुनानगर** । जिला परिषद ट्रेनिंग हॉल में जल वितरण प्रणाली की जानकारी देती रजनी गोयल। फोटो : हरिभूमि

# 39 सरपंचों ने ली ट्रेनिंग अब बचाएंगे अनमोल जल

- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान के तहत दो दिवसीय रिफ्रेशर कम ओरियंटेशन कोर्स शुरू
- जन स्वास्थ्य विभाग की जिला सलाहकार रजनी गोयल ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेकर किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला परिषद यमुनानगर द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान के तहत जिला परिषद ट्रेनिंग हॉल में दो दिवसीय रिफ्रेशर कम ओरियंटेशन कोर्स शुरू किया गया। कार्यक्रम में सरस्तवी खंड के 39 सरपंचों ने ट्रेनिंग में भाग लिया। इस दौरान सरपंचों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जिला सलाहकार रजनी गोयल ने ग्राम पंचायतों को जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने वीडब्ल्यूएससी समिति के कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और साथ ही ग्राम पंचायतों की जल वितरण प्रणाली की भूमिका के बारे में बताया। रजनी गोयल ने कहा कि समिति को किसी भी अवैध कनेक्शन, अस्वच्छ कनेक्शन को काटने, जुर्माना लगाने और कनेक्शन को नियमित करने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि जल एक सीमित संसाधन है जिसको बनाया नहीं जा सकता सिर्फ बचाया जा सकता है। पृथ्वी पर जितना भी पानी है उनमें से 97 प्रतिशत खारा पानी समुद्री एवं महासागरों में है तथा दो प्रतिशत बर्फ के रूप में ग्लेशियर पर उपलब्ध है। बाकी बचा एक प्रतिशत पानी जो हमारे रोज के कामों में प्रयोग होता है। गोयल ने बताया कि जल संसाधनों की कमी प्राकृतिक वातावरण को भी खराब करती है। पानी के बिना कोई भी प्राणी जीवित नहीं रह सकता। इसलिए हम सभी का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम जरूरत के अनुसार ही पानी का इस्तेमाल करें। पानी को कहीं भी व्यर्थ न बहने दें। उन्होंने बताया कि पानी जल संरक्षण के द्वारा पानी की खपत को एक तिहाई तक कम किया जा सकता है। घरेलू प्रयोग में जल संरक्षण के लिए नल के उपयोग के बाद तुरंत बंद कर दें। उतना ही पानी प्रयोग करें जितनी आवश्यकता हो। सार्वजनिक शौचालय में नल खुला ना छोड़े। इस अवसर पर सरपंचो को जल संरक्षण की शपथ भी दिलवाई गई।

### ये रहे मौजूद

मौके पर डीपीएम बलिंद्र कटारिया, डीपीएम देवेंद्र शर्मा, डीपीएम राष्टीय ग्रामीण स्वराज अभियान तृप्ति, डीपीएम नेहा चुग, बीआरसी राजेश कुमार, रिसोर्स पर्सन मुकेश शर्मा और महक सैनी आदि मौजूद थे।

# टैलेंट हंट में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- स्कूल की कोआर्डिनेटर मीनाक्षी शर्मा ने दीप प्रज्जवलित करके किया कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

डीएवी स्कूल रादौर में टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की कोआर्डिनेटर मीनाक्षी शर्मा ने दीप प्रज्जवलित करके किया। मंच संचालन अंजू बेनीवाल व अविनेश ने किया। स्कूल की कोआर्डिनेटर मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में कक्षा तीसरी व चौथी के विद्यार्थियों ने हिंदी एवं अंग्रेजी कविता पाठ किया। कक्षा पांचवी व छठी के विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस रोलप्ले में भाग लिया। कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, लघु नाटक, ड्राइंग व पेंटिंग जैसी विविध कलाओं का बेहतरीन प्रदर्शन किया।



स्कूल के मल्टी पर्पस हॉल में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में प्रस्तुत हरियाणवी, राजस्थानी व पंजाबी लोक नृत्य सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने बताया कि जयंत गौतम, मनन, मन्नत, भूमित, अतिष्ठा, इशिका, मिष्टी, अनिका, ओजस, रोहन, केतन, भविष आदि ने लघु नाटिकाओं के माध्यम से मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग, आदर्श गुरु शिष्य संबंध तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों को अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में आपसी समन्वय, मेलजोल और आत्मविश्वास का विकास करती हैं।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में संध्या शर्मा, ईशा वर्मा, अंजना, अंजलि तृप्ता, सीमा, साक्षी व प्रभजोत आदि मौजूद रहे।



### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला स्तरीय जनसभा का आयोजन 7 को

**यमुनानगर।** भाकपा की जिलास्तरीय जनसभा का आयोजन सात जून को शहर के कम्यूनिटी सेंटर अटक चेरीटेबल ट्रस्ट में किया जाएगा। रैली की तैयारियों को लेकर मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला पदाधिकारियों की शहर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड धर्मपाल ने की। कामरेड धर्मपाल ने बताया कि भाकपा द्वारा 7 जून को शहर के कम्युनिटी सेंटर में जिलास्तरीय जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। जनसभा में अधिक से अधिक लोगों के पहुंचने के लिए जनसंपर्क किया जा रहा है। जनसंपर्क के दौरान लोगों को जनसभा में पहुंचने के लिए आमत्रित किया जा रहा है।

# रादौर की सड़कों पर बेसहारा गोवंशजों ने जमाया कब्जा

- नागरिकों ने की नपा प्रशासन से बेसहारा गोवंशजो को पकड़कर गोशाला में भेजे जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर की सड़कों व बाजारों में गोवंशजों का कब्जा होने से कस्बा के नागरिक परेशान हैं। कस्बा के नागरिकों ने नपा प्रशासन से रादौर में घूम रहे बेसहारा गोवंशजो को पकड़कर गोशाला में भेजे जाने की मांग की है। कस्बा निवासी संदीप कुमार, बलवान सिंह, जय कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार व पंकज आदि ने बताया कि कस्बा रादौर पिछले काफी समय से बेसहारा गोवंशजो की छावनी बना हुआ है।

रआलम यह है कि बेसहारा गोवंशजों के झूंड के झूंड रादौर की सड़कों, बाजारों व गलियों में घूम रहे हैं। जिनसे जहां दुर्घटना होने का डर बना रहता है, वहीं, कई गोवंशज लोगों पर हमला करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक नपा द्वारा बेसहारा गोवंशजों को पकड़ने के लिए कोई अभियान आदि नहीं चलाया गया है। आलम यह है कि बेसहारा गोवंशजों ने कई लोगों पर हमला कर उन्हें घायल भी किया जा चुका है। मगर इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



**यमुनानगर।** रादौर कस्बा के बस स्टैंड मार्ग स्थित बाजार में सड़क पर बैठे हुए बेसहारा गोवंशज।

### पकड़ने को चलाया जाएगा अभियान

नगर पालिका रादौर के सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि जल्द ही बेसहारा गोवंशजों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा। कस्बा को जल्द ही बेसहारा गोवंशजों से मुक्त कर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

# बच्चे को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना आवश्यक : जैन

- ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में मंगलवार को विषय विशेष क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधियों ने शामिल होकर नई-नई जानकारियां हासिल की। स्कूल की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से स्कूल परिसर में दो दिवसीय विषय विशेष क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 45 स्कूलों के 60 एकाउंट्स शिक्षकों को एकाउंटेंसी विषय का प्रशिक्षण दिया गया। पाइन वुड स्कूल सहारनपुर के प्रधानाचार्य डॉ.संजीव जैन व दी एसडी विद्या स्कूल अंबाला कैंट के उप प्रधानाचार्य सीए सुनील कुमार खन्ना बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए।



उन्होंने शिक्षकों को वर्तमान परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर आने वाली पीढ़ी को उचित प्रकार से तैयार करने का आह्वान किया। डॉ.संजीव जैन ने कहा कि शिक्षक जीवन को जिस तरह जीता है। वही तरीका अधिकतम रूप से बच्चों में स्थानांतरित होता है, क्योंकि यह भी एक प्रकार की ऊर्जा है जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरित की जा सकती है। वर्तमान के प्रतियोगिता भरे युग में बच्चे को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना आवश्यक है। सुनील कुमार खन्ना ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में किसी भी कक्षा में बच्चों को पढ़ाना पुराने समय जैसा नहीं रहा है। इसलिए बच्चों को गतिविधियों में शामिल करके उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व है, जिससे एक इंसान न केवल हर दिन सीखता है बल्कि प्रतिदिन नई चीजों को सीखते हुआ जीवन में सफलता हासिल करता है। स्कूल के एच आर मैनेजर अमित सिंघल ने सभी वक्ताओं व बाहर से आए सभी शिक्षकों का आभार जताया।

# यातायात के नियमों के पालन को लेकर सख्त हुआ पुलिस प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में यातायात के नियमों का पालन करवाने को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त है। पुलिस ने गत जनवरी माह से मई माह तक यातायात के नियम तोड़ने वाले 21725 वाहनों के चालान किए हैं। इन वाहन चालकों से पुलिस द्वारा एक करोड़ 27 लाख 98 हजार रुपये का जुर्माना वसुल किया गया है। जिला पुलिस यातायात के नियमों का पालन करवाने को लेकर लगातार अभियान चलाए हुए है। इसके बावजूद भी वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन नहीं कर रह हैं।

ट्रैफिक थाना प्रभारी कुशल पाल राणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने जिला ट्रैफिक पुलिस को यातायात के नियम तोड़ने वाले वाहनों पर सख्ती करने के आदेश दिए हैं। पुलिस ने यातायात के नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गत 1 जनवरी से 31 मई तक 21725 वाहनों के चालान किए है। जिनसे एक करोड़ 27 लाख 98 हजार 200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने बताया कि केवल मई माह में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के 70 चालान,



बिना नंबर प्लेट के 524 वाहनों के चालान, बुलेट पटाखा के 19 व ब्लैक फिल्म, काले शीशे व काले पर्दे के 33 चालान किये गये।

पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि जिला पुलिस अभियान के तहत विशेष तौर पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों, बुलेट पटाखा व बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हेलमेट व कागजातों की जांच भी की जा रही है। इस जांच के कारण चोरी की गाड़कयों पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि अपना वाहन पार्किंग या पार्किंग के लिए निश्चित किए गए स्थान पर ही खड़ा करे व निर्धारित लेन में ही अपने वाहन को चलाए।

## न्यू हैप्पी स्कूल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# शारीरिक रचना में होने वाले बदलावों से अवगत कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- 60 अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने अनुभव सांझा किए
- स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया।

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल बिलासपुर में सीबीपी के अंतर्गत शिक्षकों के लिए आयोजित किया जा रहा दो दिवसीय स्वास्थ्य और कल्याण (हेल्थ एंड वेलनेस) प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य वक्ता के रुप में प्रताप पब्लिक स्कूल करनाल की प्रिंसीपल डॉ. पूजा वालिया व गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल सोलन के प्रिंसीपल डॉ. लखविंदर अरोड़ा ने भाग लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया।

मुख्य वक्ता डॉ. पूजा वालिया ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षकों को किशोरावस्था में बच्चों में आने वाली अनेक तरह की परेशानियों, उनके खानपान, व्यवहार व समाज में फैल रही बीमारियों एवं उनकी शारीरिक रचना में होने वाले बदलाव के विषय में प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर एसडी मॉडल स्कूल,जेपी एस एकेडमी निंसिग करनाल ,यूनिकोन इंटरनेशनल स्कूल पिंजौर, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जगाधरी,पैरामाउंट कॉन्वेंट स्कूल अकबरपुर अंबाला,डीपीएस कैथल व न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल बिलासपुर के 60 अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने अनुभव सांझा किए। प्रशिक्षकों ने व्यावहारिक उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से सत्र को अत्यंत रोचक और प्रभावशाली बनाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका एवं प्रबंधक मधुकर कश्यप ने दोनों मुख्य वक्ताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनी रहेगी। स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यालय के शैक्षणिक दृष्टिकोण को और अधिक समृद्ध बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हुआ है।




### निर्माणधीन मकान से हजारों रुपये का सामान चोरी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** विष्णु गार्डन कॉलोनी जगाधरी निवासी पंकज दीप ने बताया कि वह प्रोफेसर कॉलोनी में मकान बना रहा है। मकान में कारपेंटर, बिजली और पॉलिश का काम चल रहा है। वह मकान से काम खत्म करवाकर घर चला गया था। अगले दिन जब वह निर्माणधीन मकान पर पहुंचा तो वहां से फिटिंग में डाली गई तारें, कारपेंटर की तीन मशीनें, लोहे के गाटर और अन्य सामान गायब था। जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये थी। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### युवा कवि सचिन हीरो की 'हम सबके हैं सिया राम जी' पुस्तक के आठवें संस्करण का हुआ विमोचन

**यमुनानगर।** हरियाणा एवं उत्तराखंड के प्रसिद्ध युवा कवि एवं गीतकार सचिन हीरों की सुंदर कांड पर आधारित धार्मिक पुस्तक हम सबके हैं सियाराम जी पुस्तक के विमोचन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा ने भाग लिया। उन्होंने धार्मिक पुस्तक हम सबके हैं सियाराम जी का विमोचन किया।

मुख्यातिथि एवं फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा ने सुंदरकांड पर आधारित हम सबके हैं सियाराम जी धार्मिक पुस्तक के लिए युवा कवि एवं गीतकार सचिन हीरो की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हम सबके हैं सियाराम जी धार्मिक पुस्तक के आठवें संस्करण का विमोचन करते हुए उन्हें बेहद खुशी हो रही है। इस पुस्तक से युवा वर्ग को प्रेरणा मिलेगी और सुंदरकांड को सरल भाषा में पढ़ने का मौका मिलेगा। मौके पर युवा कवि एवं गीतकार सचिन हीरो ने फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार जताया। उन्होंने बताया कि फिल्म अभिनेता हरियाणा के चहेते कलाकार हैं। वह एक फिल्म की शुटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। मगर उन्होंने फिल्म की शुटिंग में से कुछ समय निकालकर उनकी धार्मिक पुस्तका का विमोचन कर उनका मान बढ़ाया है। युवा कवि सचिन हीरो ने बताया कि फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा हमेशा ही नए कलाकारों व रचनाकारों को बढ़ावा देते आए हैं। यही वजह है कि प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा ने उनकी पुस्तक के लिए शुभकामनाएं दी हैं ।

## खबर संक्षेप

### अवैध निर्माण गिराने के लिए शेड्यूल जारी

**थानेसर।** जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में अलग-अलग जगहों पर अवैध कालोनियों को तोड़ने व अवैध निर्माण को गिराने के लिए विभाग की तरफ से एक शैडयूल तैयार किया गया है। इस शेड्यूल के अनुसार गठित टीमें कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगी। डीटीपी विक्रम कुमार ने जारी शेड्यूल में कहा है कि जिला योजनाकार विभाग की तरफ से उपायुक्त नेहा सिंह के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र जिले के ब्लॉक थानेसर, पिहोवा, लाडवा, शाहबाद, कुरुक्षेत्र में 23 जून से लेकर 30 जून तक अवैध निर्माण को गिराने की कार्रवाई की जाएगी।

### डीएलएस ने लगाया हैल्प डैस्क

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 12 जुलाई 2025 को होने वाली लोक अदालत के बारे में जागरूक करने के लिए कोर्ट परिसर के प्रांगण में हैल्प डैस्क लगाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि डीएलएसए के पीएलवीज द्वारा लोगों को पैंपलेटस देकर लोक अदालत के बारे में जागरुक किया जा रहा है।

### पंकज अरोड़ा बने सरस्वती सेवा समिति के सदस्य

**थानेसर।** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी पंकज अरोड़ा को सरस्वती सेवा समिति का सदस्य बनाया गया है। उनकी नियुक्ति के आदेश भी जारी कर दिए गए है। उन्होंने जारी आदेशों में कहा कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से सरस्वती नदी और सरस्वती नदी के आस-पास धरोहर को विकसित करने के उद्देश्य से सरस्वती सेवा समिति का गठन किया गया है। इस सरस्वती सेवा समिति में समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार पंकज अरोड़ा को सरस्वती नदी के विकास और धरोहर को संरक्षित करने जैसे अहम विषयों पर सुझाव एवं निगरानी रखने के लिए सदस्य नियुक्त किया गया है।

### जिला जेल में बंदियों को करवाया गया योगा



**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल में योग शिविर लगवाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला जेल में बंदियों को योगा करवाया गया। उन्होंने कहा कि डीएलएसए द्वारा समय-समय पर ऐसे कैंपों का आयोजन किया जाता है ताकि बंदियों के स्वास्थ्य को लाभ मिल सके।

## कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित बैठक में सांसद नवीन जिंदल ने किया संबोधित

# सीएम के नेतृत्व में 2030 तक कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को बनाया जाएगा विकसित

- महात्मा ज्योतिबा फुले बहलोलपुर आईटीआई को पीपीपी मोड पर बनाया जाएगा आधुनिक
- द्रोणाचार्य स्टेडियम में आमजन की वॉकिंग के लिए अलग से बनाएंगे ट्रैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मौजूद सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास कार्यों को करवाते हुए सभी के सहयोग से वर्ष 2030 तक देश में सबसे पहले कुरुक्षेत्र लोकसभा संसदीय क्षेत्र को विकसित मनाया जाएगा। इसी तरह हरियाणा प्रदेश को वर्ष 2035 तक विकसित राज्य में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को तकनीकी कोर्स करवाने के लिए नवीन अवसर नवीन प्रयास कौशल विकास केंद्र की जिंदल सिटी कुरुक्षेत्र से शुरूआत की गई है। ये केंद्र 3 महीने में शुरू हो जाएगा। इसी तरह आज चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले बहलोलपुर आईटीआई को पीपीपी मोड आधुनिक बनाने को एमओयू साइन किया जाएगा। इसकी सफलता के बाद अन्य 17 आईटीआई को भी आधुनिक बनाने का काम किया जाएगा। सांसद नवीन जिंदल मंगलवार को कुरुक्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने पदाधिकारियों के साथ मिलकर एक साल में हुए विकास कार्यों पर चर्चा की। साथ ही खिलाड़ियों के कीट वितरण, युवतियों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता, गांवों में आंखें व स्वास्थ्य जांच शिविर, किसानों के लिए कृषि मेले जैसे कार्यों को एक वीडियो फिल्म के माध्यम से दिखाया गया। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि युवाओं को नशे की बजाए खेलों का नशा करना चाहिए। खेलों के नशे को पूरा करने में युवाओं का सहयोग किया जाएगा। इसके लिए गांव स्तर पर जिम का सामान, खिलाड़ियों के लिए खेलों का सामान दिया जा रहा है। जो खेल ओलम्पिक में खेले जाते हैं, उनको बढ़ावा देने का काम किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण विषय युवाओं के रोजगार का है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब युवाओं के पास अपना कौशल होगा तो उन्हें नौकरी के पीछे नहीं बल्कि नौकरी खुद चलकर उनके पीछे आएगी। इसके अलावा जो युवा विदेश में जाना चाहते हैं, वहां पर उन्हें मजदूरी करने की बजाए अपने कौशल के अनुसार काम मिल सकेगा।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, पूर्व विधायक लीला राम, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, पूर्व विधायक तेजवीर सिंह, एचएसजीपीसी सदस्य बीबी करतार कौर, रवि बतान, कुलदीप कश्यप, रविंद्र सांगवान, बाबूराम टाया, जितेंद्र खैरा, भूप सिंह सैनी, बलदेवराज सेठी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*

### सांसद नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में करवा रहे विकास कार्य : सुभाष सुधा

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य करवा रहे हैं। संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए गांव-गांव में जाकर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं का कौशल ज्ञान बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। युवाओं, बुजुर्गों सहित हर वर्ग के लिए कार्य किया जा रहा है।

### दीवाली से पहले होगा एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि इस समय लोकसभा क्षेत्र में कई विकास कार्यों पर काम चल रहा है। कैथल में भगवान परशुराम मेडिकल कॉलेज का निर्माण प्रगति पर है। ऐसे ही कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे लाइन का काम पूरा हो चुका है, इस प्रोजेक्ट का हिस्सा थानेसर में प्लेटफार्म का कार्य बचता है। दीपावली से पहले इस एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन हो जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कई रेलगाड़ियां का कुरुक्षेत्र में ठहराव सुनिश्चित करवाया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जो वायदे किये गए थे, उनको पूरा करने के लिए दिन-रात कार्य करते हुए देश को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है।

### एक साल में हुआ चहुंमुखी विकास:रवि बतान

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रवि बतान ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र का एक साल में चहुंमुखी विकास हुआ है। इस लोकसभा क्षेत्र में सांसद नवीन जिंदल दिन रात लोगों की सेवा करने में लगे हुए है। इस क्षेत्र में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों के क्षेत्र में नई योजनाओं को अमलीजामा पहना रहे है वहीं युवाओं को कुशल बनाने के लिए भी प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित कर रहे है।

## धान की सीधी बिजाई के बारे में किसानों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र की टीमों ने धान की सीधी बिजाई के बारे में किसानों को जागरूक किया और उन तक कृषि से संबंधित नई टेक्नोलॉजी के बारे में बताया। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ समन्वयक डॉक्टर बलजीत सिंह सहारण और भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान संस्थान के डायरेक्टर रतन तिवारी और प्रधान वैज्ञानिक अनिल खिप्पल विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रोग्राम के दौरान किसानों से संवाद किया और प्रधान वैज्ञानिक अनिल खिप्पल ने गेहूं फसल के रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन के लिए किसानों की प्रशंसा की। डायरेक्टर रतन तिवारी ने धान से संबंधित जानकारी किसानों से सांझा की। टीम 1 की टीम लीडर डॉक्टर सरिता रानी जिला विस्तार विशेषज्ञ, सस्य विभाग ने गांव रुआ, सारसा और बाथरी के किसानों को जागरूक किया। टीम 2 की टीम लीडर डॉक्टर कविता जिला विस्तार विशेषज्ञ, मृदा विभाग ने ऊरणाई, तलहेरी और सैंसा गांव में विभिन्न प्रकार की नई तकनीक की वैज्ञानिक जानकारी दी।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता महाअभियान आज से

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के शहरी क्षेत्रों में बरसाती पानी की निकासी को लेकर नगर परिषद व नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा नाले, नालियों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। इस जिले के सभी शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता पर निगरानी रखने के लिए 12 सदस्यीय टीम का गठन भी किया गया है। यह टीम अपने-अपने क्षेत्र में रोजाना होने वाले स्वच्छता अभियान की रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने नगर निकाय के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बारिशों से पहले कुरुक्षेत्र जिले के सभी शहरी क्षेत्रों के नाले व नालियों की सफाई का कार्य पूरा किया जाना चाहिए। इसके लिए सभी कर्मचारी इस अभियान में जुट जाए और इस अभियान पर निगरानी रखने तथा रोजाना रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के लिए 12 सदस्यीय टीम का भी गठन किया गया है। यह टीम रोजाना फोटो सहित सम्बन्धित क्षेत्र की सफाई होने उपरांत रिपोर्ट प्रशासन को भेजना सुनिश्चित करेंगी। इतना ही नहीं जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच पूरे स्वच्छता अभियान पर अपनी निगरानी रखेंगे।

## कारगिल वीर शहीदों के परिजनों को सेना की तरफ से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कारगिल के शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते सेना के जवान।

देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को याद करते हुए कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय सेना की ओर से कारगिल युद्ध में शहीदी देने वाले जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। सेना के जवान शहीदों के घर पहुंचे और उनके परिजनों को सम्मान दिया। नैब सूबेदार बेअंत सिंह और हवलदार हरविन्द्र सिंह ने बताया कि इस कड़ी में कारगिल के शहीद लैस नायक गुरमेल सिंह और शहीद सिपाही मंजीत सिंह को उनकी वीरता, साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण के लिए नमन किया गया और उनके परिजनों को सम्मान सौंपा गया। शहीद लैस नायक गुरमेल सिंह और शहीद सिपाही मनजीत सिंह जिन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था और आज भी उनकी शहीदी अपने गाँव और रेजिमेंट के लिए प्रेरणा हैं। नैब सूबेदार बेअंत सिंह ने कहा कि शहीदों का बलिदान देश की अमूल्य धरोहर है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी शहादत को हमेशा याद रखें और नई पीढ़ी को उनके साहस की कहानियां सुनाते रहें।

### डीएलएसए ने साथी कैंपेन किया आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा साथी कैंपेन चलाया गया है। जिसके तहत बेसहारा बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए सर्वे करवाया जा रहा है ताकि उनके आधार कार्ड बनाए जा सके। सीजेऐम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि साथी कैंपेन का उद्धेश्य है बेसहारा बच्चों का आधार कार्ड बनवाना है, क्योंकि आधार कार्ड बहुत महत्वपूर्ण कागजात है। उन्होंने आमजन से भी अपील की अगर किसी बेसहारा बच्चे का आधार कार्ड या कोई अन्य कागजात नहीं बना है तो वो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## कुवि के 9 विद्यार्थियों का एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- चयनित विद्यार्थियों को मिलेगा 4.5 लाख रुपये वार्षिक वेतन

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता और रोजगार केन्द्र के कोऑर्डिनेटर डॉ. महेन्द्र सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एमबीए दो वर्षीय और एमबीए पांच वर्षीय कोर्स के 9 विद्यार्थियों का चयन कैम्पस ड्राइव के माध्यम से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में हुआ है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि एसबीआई कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों क्षेत्रीय मानव संसाधन मैनेजर याजुवेन्द्र सिंह, एचआर मैनेजर केतन आनंद, क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय कुमार मलिक ने विश्वविद्यालय में आकर कैम्पस ड्राइव व साक्षात्कार के माध्यम से इन विद्यार्थियों का चयन किया।



इस प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन की प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, सामूहिक परिचर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल रहे। चयनित विद्यार्थियों में सौरभ, हुनर, सुमित कुमार, प्रिंस, भारत, काजल, सुरभि, आंचल और मनीषा कुमारी शामिल हैं। इन विद्यार्थियों को 4.5 लाख रुपये वार्षिक वेतन दिया जाएगा और अंतिम परीक्षा के बाद जुलाई में ये विद्यार्थी कम्पनी को ज्वाइन करेंगे।



### गीता कन्या विद्यालय में आचार्य दक्षता वर्ग आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** आचार्य के शिक्षण कौशल में वृद्धि करने के लिए आचार्य दक्षता वर्ग का आयोजन प्रतिमाह किया जाता है। इसी कड़ी में विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को आचार्य दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया। दक्षता वर्ग का आरंभ पंजीकरण द्वारा हुआ। अंग्रेजी व हिंदी समाचार सुधा व लता द्वारा सुनाए गए। अंग्रेजी विचार व हिंदी सुविचार बिंदु व आंचल द्वारा बताया गया। बौद्धिक सत्र आचार्या मोनिका के द्वारा लिया गया जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाठ्यचर्या में वर्णित भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित पंचपदी अधिगम पद्धति का विषय लिया। उन्होंने बहुत अच्छे ढंग से बताया कि गुरु और शिष्य को कैसे जोड़ा जाए। अध्यापन और अध्ययन साथ-साथ चलते हैं। जब अध्यापन होता है तभी अध्ययन होता है। हम जो भी ज्ञान अर्जित कर रहे हैं वह हमारी ज्ञानेंद्रिय कर रही हैं। हम अपनी ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा संवेदनाओं का अनुभव करते हैं। ज्ञान का दूसरा रूप है संवेदनाओं का अनुभव। ज्ञानेंद्रियां विविध विषयों के संवेदनाओं को ग्रहण करती हैं जो उनका अनुभव है। वषार्ली द्वारा समीक्षा की गई।

## श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज का प्रकाश पर्व 6 से 12 जून तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने तैयारियों का लिया जायजा



कुरुक्षेत्र। प्रकाश पर्व की तैयारियों का जायजा लेते हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा।

धन-धन साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज का प्रकाश पर्व धर्मनगरी में सुशोभित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में 6 से 12 जून तक बड़े ही श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा। प्रकाश उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस समागम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा यहां पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ कार्यकारिणी समिति मैंबर कुलदीप सिंह मुल्तानी, मैंबर इंदरजीत सिंह, कार्यालय पीए एडिशनल सैकेटरी सतपाल सिंह डाचर, निजी सचिव शमशेर सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह, गुरुद्वारा इंस्पेकशन चीफ जज सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने सबसे पहले ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया। तत्पश्चात प्रकाश उत्सव को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। यही नहीं, उन्होंने गुरुद्वारा परिसर में सभी अहम स्थानों का निरीक्षण किया। कार्यालय सचिव एडिशनल सैकेटरी सतपाल सिंह डाचर और मैनेजर हरमीत सिंह से तैयारियों को लेकर जानकारी हासिल की।

### स्वस्थ जीवन के लिए साइकिल का करें प्रयोग : अशोक

**कुरुक्षेत्र।** विश्व साइकिल दिवस पर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सबसे प्रथम पुलिस लाइन से पीपली, सेक्टर, जिंदल सिटी, पलवल ग्राम, राजकीय महिला महाविद्यालय पलवल, खेड़ी राम नगर, चनारथल रोड, ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, बिरला मंदिर, सेक्टर 13 नए बस अड्डे और मुख्य मार्गों पर साइकिल यात्रा निकाली। वे आज 40 किलोमीटर से अधिक साइकिल पर चले और लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। वे डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 पहुंचे वहां पर डॉ. मीनाक्षी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक सप्ताह का शिविर लगा हुआ था। विद्यालय की प्राचार्या गीतिका जसूजा ने कार्यक्रम के लिए बधाई दी। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व साइकिल दिवस पर सभी को स्वस्थ जीवन के लिए सबसे प्रथम साइकिल का प्रयोग करना चाहिए।





### कैंप लगाकर जांचा 98 लोगों का स्वास्थ्य

**पिहोवा।** लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई मेडिकल वैन गांव जलबेहड़ा और टबरा में पहुंची। इन दोनों गांवों में डॉ. पूर्ण मल के नेतृत्व में टीम ने ग्रामीणों का चेकअप करने के बाद उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। गांव जलबेहड़ा में 44 लोगों को दवा देने के साथ 13 मरीजों लैब टेस्ट किए गए। जबकि टबरा में 20 ओपीडी के साथ 21 लैब टेस्ट हुए। कुल 98 लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया। यशस्वी योजना से संबंधित कई आवेदन शिविर में पहुंचे। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं। उसमें सांसद नवीन जिंदल ने 2035 तक लक्ष्य प्राप्ति का जिम्मा उठाया है।

### नोटिस

सर्वसाधारण को एंवम सम्बन्धित सरकारी विभागों को सूचित किया जाता है कि सब-रजिस्ट्रार/सयुक्त सब-रजिस्ट्रार के समक्ष एक बिकी पत्र/सम्पति हस्तांतरण/रहननामा क्रेता द्वारा पेश किया जिसके अनुसार वाका पटटी झामड़ा, शाहाबाद के एरिया गीता कॉलोनी, शाहाबाद में स्थित मकान जिसकी पुराना हाउस टैक्स नं० HSMCW0901182D वा न्यू प्रोपर्टी नं0 8C8LLTN5 है। जिसका कुल रकबा (151.260 वर्गगज) जो कि बरूवे रजिस्ट्री वैच नं0 2204/1 दिनांक 09/12/2010 की रूह से है जो कि राजिन्द्र कुमार (आधार नं0 2712 5127 9333) पुत्र श्री घनश्याम दास पुत्र श्री सन्त राम निवासी 381/7 मौहल्ला सत्यानगर, नजदीक पुलिस चौकी के पास, शाहाबाद तहसील शाहाबाद जिला कुरूक्षेत्र विक्रेता द्वारा श्री अभिषेक सचदेवा (आधार नं0 5068 8877 0410 मोबाइल नं0 99960-60638) पुत्र श्री राजिन्द्र सचदेवा पुत्र श्री घनश्याम दास निवासी 381/7 मौहल्ला सत्यानगर, नजदीक पुलिस चौकी के पास, शाहाबाद तहसील शाहाबाद जिला कुरूक्षेत्र क्रेता को सम्पति हस्तांतरण की जानी है। यह कि उपरोक्त दस्तावेज 03/06/2025 को इस कार्यालय में पन्जीकरण हेतु पेश किया गया है यदि इस दस्तावेज पर पन्जीकरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति व विभाग को भूमि के शीर्षक अथवा मलकीयत के संबंध में कोई आपति ऐतराज हो तो वह सब-रजिस्ट्रार/सयुक्त सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में 15 दिन के अन्दर स्वंय आकर उपरोक्त भूमि से सम्बन्धित साक्ष्य/कोर्ट का स्टे इत्यादि असालतन व वकालतन प्रस्तुत करे अन्यथा समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 15 दिन उपरान्त नियमानुसार कार्यवाही करते हुए यह दस्तावेज पन्जीकृत कर दिया जाएगा।

हस्ता/-सब-रजिस्ट्रार/संयुक्त सब-रजिस्ट्रार शाहाबाद

**कार्यक्रम** श्री कृष्ण आयुष विवि ने साइक्लोथॉन के जरिए युवाओं को दिया नशा मुक्त जीवन का संदेश

# नशा इंसान ही नहीं, बल्कि समाज की आत्मा को भी खा जाता है : प्रो. धीमान

- यात्रा को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन का अहम योगदान रहा
- 5 वर्षीय अगम भी अपनी साइकिल लेकर हिस्सा लेने पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा मंगलवार को ड्रग्स फ्री हरियाणा अभियान के अंतर्गत साइक्लोथॉन यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की अगुवाई आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान और कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने स्वयं की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त जीवन शैली की ओर प्रेरित करना और स्वस्थ समाज निर्माण की चेतना को मजबूत करना रहा। साइक्लोथॉन यात्रा को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन का अहम योगदान रहा। खास बात ये रही कि सेक्टर-4 का रहने वाला 5 वर्षीय अगम भी अपनी साइकिल लेकर यात्रा में हिस्सा लेने पहुंचा। यात्रा विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होकर सर्किट हाउस, पुलिस अधीक्षक आवास, कुरुक्षेत्र-पिपली मार्ग, नया बस स्टैंड, सेक्टर-7 मार्ग से होते हुए वापस विश्वविद्यालय पहुंची। इसमें विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी व शहर के समाजसेवी शामिल हुए। यात्रा में जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, साइकिल कोच पंजाब सिंह, सुरेंद्र कौर व पंकज कुमार का विशेष सहयोग रहा। यात्रा में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो से डॉ.अशोक कुमार वर्मा और पुलिस से सेवानिवृत्त कर्मचंद ने भी विशेष रूप से भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह सहरावत,आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. देवेंद्र खुराना, अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र सिंह चौधरी, प्रोक्टर प्रोफेसर राजा सिंगला, प्रो. मनोज तंवर, प्रोफेसर डॉ. रविराज, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशीष नांदल, डॉ. जोरावर सिंह, डॉ. प्रीति, अधीक्षक रामनिवास, चंद्र शेखर शर्मा, पवन नांदल, कुलपति के निजी सहायक राहुल समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धान की सीधी बिजाई करें किसान

**अंबाला।** कृषि विभाग द्वारा जिले में 15000 एकड़ में धान की सीधी बिजाई करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से किसानों को धान की सीधी बिजाई के प्रति जागरूक किया जाएगा। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान की सीधी बिजाई से न केवल धान की लागत कम होगी बल्कि समय व धन की बचत के साथ उत्पादन भी अधिक होता है। इस योजना के तहत धान की सीधी बिजाई करने वाले किसान को 4500/- रूपये प्रति एकड़ का अनुदान दिया जाएगा।

### शिवजीत भारती ने संभाला एसडीएम का कार्यभार



**नारायणगढ़।** एचसीएस अधिकारी शिवजीत भारती ने मंगलवार को उपमंडल अधिकारी (नागरिक) का पदभार संभाल लिया है। 2020 बैच की एचसीएस अधिकारी भारती को प्रदेश सरकार द्वारा नारायणगढ़ शुगर मिल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सह कार्यकारी निदेशक भी नियुक्त किया है। कार्यभार ग्रहण के उपरांत एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जनता को पारदर्शी, संवेदनशील एवं प्रभावी प्रशासन उपलब्ध कराना है। साथ ही जनहित में योजनाओं का कुशल क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।



### प्राकृतिक खेती के लिए भी किया प्रोत्साहित

**अंबाला।** करनाल स्थित राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत गांव पसियाला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने इस दौरान वैज्ञानिक एवं कृषक संवाद में भागीदारी की। उन्होंने सभी किसानों से बात करते हुए उनकी विभागीय योजना एवं अनुसन्धान योगी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जिसमें खास तौर से शहद उत्पादकों द्वारा शहद बेचने के लिए कोई प्लेटफॉर्म न मिलना तथा सूरजमुखी की बिक्री समय से न हो पाना इत्यादि विषयों पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने किसानों को कृषि के साथ डेयरी को अपनाकर अपनी आय बढने के लिए प्रेरित किया।

### स्वस्थ रहने के लिए चलाएं साइकिल

**कुरुक्षेत्र।** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवस पर साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस साइक्लोथॉन में भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र, जिला खेल विभाग के साथ मिलकर 10 किलोमीटर साइकिल चलाया।

# 17 करोड़ की लागत से बनेगा 100 बैड का नया अस्पताल

- 24 घंटे उच्च गुणवत्तापरक बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 38 .78 करोड भी मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पॉवर परचेस कमेटी की बैठक में अंबाला छावनी के विकास के लिए लगभग 56 करोड रूपए से बिजली के क्षेत्र में ढांचागत सुदृढीकरण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को बेहतर सेवाएं मुहैया करवाने के लिए अवसरंचना के निर्माण कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई है। परिवहन एवं उर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि अंबाला छावनी में 100 बिस्तर का एक अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए हाई पॉवर परचेस कमेटी की बैठक में 17 करोड रूपए की राशि को मंजूरी प्रदान की गई है ताकि अंबाला छावनी के वासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सकें। उन्होंने बताया कि अंबाला छावनी में बनाए जा रहे अस्पताल में कुल 7 मंजिलें होगी जिनमें से एक ग्राउंड फलोर, दो बेसमेंट तथा चार मंजिलें ऊपर होंगी। इस अस्पताल में एक क्रिटिकल केयर यूनिट को बनाया जाएगा जबकि यहां पर एक आपातकालीन वार्ड भी होगा जहां पर मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध करवाया जाएगा। इसी प्रकार, अपर बेसमेंट में एमपीजीएस प्लांट रूम भी स्थापित होगा। ग्राउंड फलोर में केयर लैब, एक्सरे रूम, केन्द्रीयकृत नर्सिंग क्षेत्र, नर्सिंग स्टेशन इत्यादि होंगें। इसी तरह, प्रथम तल पर बड़े वार्ड में नर्सिंग स्टेशन केंद्र होगा। डॉक्टर कक्ष, नर्स कक्ष, प्रक्रिया कक्ष, एएचयू के साथ वार्ड, एलडीआर/बहुउद्देशीय नैदानिक क्षेत्र, बड़े वार्ड में उपकरण रखने की जगह और साफ-सफाई की सुविधा होगी। ऐसे ही द्वितीय तल पर आईसोलेशन कक्ष, सभी संक्रमित आइसोलेशन कक्षों में नेगेटिव दबाव होगा तथा एक छोटा नर्सिंग स्टेशन भी उपलब्ध कराया जाएगा। गैर संक्रामक क्षेत्र में सुपरस्पेशलिटी वार्ड होंगें। बड़े वार्ड में नर्सिंग स्टेशन केंद्र स्थापित होगा। बड़े वार्ड में उपकरण रखने की जगह और स्वच्छ उपयोगिता की व्यवस्था होगी तथा बर्न वार्ड में सकारात्मक दबाव वाले कमरे के साथ-साथ बॉडीवॉशिंग क्षेत्र, नर्सिंग स्टेशन, शौचालय आदि होंगे।

### हाई पॉवर परचेज कमेटी ने दी मंजूरी

ऐसे ही, तीसरे तल पर आईसीयू/एचडीयू में नर्सिंग स्टेशन केंद्र, आईसीयू में उपकरण रखने की जगह और साफ-सफाई की सुविधा, आईसीयू में दो बेड पर आरओ प्वाइंट के साथ डायलिसिस की व्यवस्था, उपकरण भंडार की सुविधा, उपचार कक्ष, नर्स ड्यूटी रूम, प्रतीक्षा क्षेत्र, काउंसलिंग के लिए एक केबिन की सुविधा भी होगी। चौथे तल पर सुपरस्पेशलिटी ओटी की सुविधा, पूरे ओटी परिसर को कवर करने के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था इत्यादि होगी। मंत्री ने बताया कि अंबाला छावनी को सुचारू रूप से 24 घंटे उच्च गुणवत्तापरक बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए परचेस कमेटी में 38.78 करोड रूपए की मंजूरी प्रदान की गई है। इस राशि से अंबाला छावनी में ऊर्जा के क्षेत्र का सुदृढीकरण किया जाएगा। संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के अंतर्गत अंबाला कैंट में 38.78 करोड़ रूपए के कार्य किए जाएंगें। इसमें 232 सर्किट किमी एलटी नंगे कंडक्टर को विभिन्न आकारों के एलटी आर्मर्ड एक्सएलपीई केबल से बदलना, 77 सर्किट किमी नए एसीएसआर कंडक्टर/एक्सएलपीई केबल के साथ मौजूदा 11केवी लाइन का विभाजन/संवर्द्धन और 127 नंबर वितरण ट्रांसफार्मरों का विस्तार का कार्य किया जाएगा।



अंबाला। अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल का बाहरी दृश्य।

## किसानों ने तुलाई से पहले पंखा लगाए जाने का किया कड़ा विरोध

# सूरजमुखी की खरीद के पहले ही दिन अनाज मंडी में हुआ बवाल

### राज्य सरकार के साथ खरीद एजेंसी के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुलाना

लेट ही सही लेकिन अनाज मंडियों में सूरजमुखी की खरीद शुरू हो गई । सरकार द्वारा 1 जून से खरीद शुरू करने की बात कही जा रही थी लेकिन नही हो पाई । 3 जून दिन मंगलवार को अनाज मंडी में जैसे ही खरीद शुरू हुई बवाल हो गया। उस समय अनाज मंडी में भारी हंगामा हो गया जब सूरजमुखी की तुलाई के दौरान किसानों ने मंडी में मौजूद अधिकारियों के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की। किसानों का आरोप था कि सूरजमुखी की तुलाई से पहले खरीद एजेंसियों के अधिकारी बार-बार पंखा लगा रहे हैं। इसके कारण सूरजमुखी को कम करने की कोशिश की जा रही है जिससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। मंडी में मौजूद किसानों ने इस प्रक्रिया को अन्यायपूर्ण करार दिया। इसे सुनियोजित तरीके से किसान की मेहनत का हनन बताया। सूरजमुखी बेचने आए किसानों के अनुसार उनके द्वारा लाई गई सूरजमुखी की फसल में खरीद एजेंसी तीन और चार बार पंखा लगवा रही है। जोकि गलत है। इससे फसल का वजन कम होने के साथ-साथ लेबर का व्यय भी काफी बढ़ जाता है।

गुस्साए किसानों ने सरकार के खिलाफ वहां जमकर नारेबाजी भी की । माहौल गर्माता देख मौके पर इस बीच आए सर्वेयर के व्यवहार से किसान और अधिक नाराज हो गए। काफी समय बाद किसानों व खरीद कर रहे वेयरहाउस कोर्पोरेशन के बीच फसल में केवल एक बार पंखा लगाने या फिर ज्यादा मात्रा में कचरा होने पर दो पंखा लगाने पर सहमति बनी और खरीद सुचारू रूप से हो सकी।

किसान हरनाम सिंह धीन , अमरीक सिंह सोहाना, महिंद्र सिंह, संजू तलहेड़ी, संदीप अलीपुर, रामचंद्र धनौरा, जसवंत धनौरी, बलविन्द्र धनौरी, जय सिंह धनौरा, राकेश बधौली, रोहित, जगजीत सिंह होली, दलबीर सिंह धनौरी, कुलवंत धनौरी, सोमनाथ, प्रवीण सिरसगढ़ने बताया कि वो मंगलवार सुबह अनाज मंडी में सूरजमुखी की फसल बेचने आए थे । सूरजमुखी की खरीद का पहला दिन भी था। जोकि वेयरहाउस द्वारा की जा रही थी लेकिन किसानों को तब अचरज हुआ जब खरीद कर रहे अधिकारियों ने उनकी फसल में दो बार पंखा लगने के बावजूद तीसरी बार पंखा लगाने को कहा। किसानों ने कहा कि फसल में बार बार पंखा लगाने से वजन में भारी गिरावट होती है। लेकिन उन्हें किसी अधिकारी ने सही जवाब नहीं दिया । इसके चलते फसल की खरीद भी नहीं हुई । दोपहर करीब तीन बजे सुपरवाइजर प्रीतम ने उच्च अधिकारियों से बात कर किसानों को समझाया। किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी फसल में केवल एक बार पंखा लगाया जाएगा।

अधिक कचरा होने पर दूसरी बार भी पंखा लगाया जा सकता है। सोहाना गांव के रहने वाले किसान अमरीक सिंह ने कहा कि वह सुबह के छह बजे से अनाज मंडी में आए हुए है जबकि खरीद एजंसियों के अधिकारी यहां 11 बजे पहुंचे है।सूरजमुखी की फसल में तीन बार पंखा लग चुका है । चौथी बार पंखा लगाने की बात कही जा रही है जो कि कत्तई गलत है। किसान हरनाम सिंह ने बताया कि वे भी सूरजमुखी लेकर आए है। यहां तुलाई से पहले खरीद एजेंसियों द्वारा कई कई बार सूरजमुखी में पंखा लगाया जा रहा है जो कि बिल्कुल गलत है।



मुलाना। अनाजमंडी में खरीद का विरोध करते किसान

**किसानों की बनी सहमति**

सूरजमुखी की फसल से कचरा साफ करने को लेकर पंखा लगाया जाता है। किसानों से सहमति बन गई है कि फसल में अधिक कचरा होने पर दो बार पंखा लगाया जाएगा। नही तो केवल एक बार ही पंखा लगाया जाएगा। किसान संतुष्ट है।
-प्रीतम सिंह, सुपरवाइजर, वेयरहाउस कोरपोरेशन



अंबाला। विकास योजनाओं का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

## कई गांवों की बदलेगी तस्वीर, 8.27 करोड़ की विकास योजनाओं का हुआ शिलान्यास

- नायाब अंबाला का संकल्प लेकर अंबाला शहर विधानसभा में विकास को दे रहे हैं रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

नायाब हरियाणा का संकल्प लेकर चल रही सूबे की नायब सरकार इन दिनों प्रदेश के चहुंमुखी विकास में जुटी है।इसी कड़ी में प्रदेश के पूर्व मंत्री असीम गोयल भी नायाब अंबाला का संकल्प लेकर अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास को रफ्तार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी की विकास के प्रति नायब सोच की बदौलत अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में आए दिन करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का आगाज़ हो रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार का दिन शहर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बेहद खास रहा। शहर विधानसभा के गांवों को लगभग 8 करोड़ 27 लाख रुपये की नायब सौगात मिली । मंगलवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने विभिन्न गांवों में पानी की पाइप लाइन डलवाने,मुख्य सड़कों का निर्माण,नए ट्यूबवेल,हर्बल पार्क सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इस दौरान गांवों में पहुंचने पर गोयल का ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कहीं सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाकर तो कहीं शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान असीम गोयल ने गांव वासियों को संबोधित करते हुए बताया कि नायाब मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार में अंबाला के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। यह हमारा सौभाग्य है कि अंबाला का बेटा प्रदेश का मुखिया है। उन्होंने कहा कि ये उद्घाटन और शिलान्यास तो फिलहाल ट्रेलर हैं। आने वाले समय में यहां विकास कार्यों की झड़ी लगने वाली है। इलाके के हर कोने में विकास होगा।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना, मंडल अध्यक्ष गुरजंट सिंह, महामंत्री गुरजीत सिंह, अमरजीत सिंह, शेर सिंह नग्गल, रघुबीर सिंह, संजीव गोयल टोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुरजंट सिंह, सोमनाथ, ब्लॉक समिति सदस्य मनजीत सिंह, सुनील सौंटी, मामचंद, अंग्रेज सिंह, भाजपा नेता रितेश गोयल, विभिन्न गांवों के सरपंच व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# आईआईटी जेईई एडवांस में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



आदित्य अतुल तेजल

गत दिवस जेईई एडवांस के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर आयोजित इस परीक्षा में छात्र अतुल पुत्र राजकुमार गुप्ता ने 2223वीं रैंक, तेजल पुत्री विजयचंद ने 2542वीं एवं आदित्य पुत्र जयपाल सिंह ने 2592वीं रैंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा आयुष तिवारी ने 2867वीं रैंक, कल्पना ने 3688वीं रैंक, करिश्मा ने 3747वीं रैंक, हिमांशी ने 3988वीं रैंक, तनुजपाल ने 4619वीं रैंक, इरफान ने 5117वीं रैंक, निखिल शर्मा ने 5269वीं रैंक, अभिनव कुमार ने 6816वीं रैंक, मानविक कुमार गुप्ता ने 9456वीं रैंक, निष्ठा ने 9695वीं रैंक सहित अन्य विद्यार्थियों कुणाल, अभिषेक, भविष्य, सोनाक्षी, कमल, समीक्षा, हर्षित, मनोज, सोनम चौहान, अजय कुमार, पवन शर्मा, विजयपाल, हरकेश, रीतु कुमारी, मोनिका आदि विद्यार्थियों ने भी अच्छे रैंक के साथ इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने करने में सफलता प्राप्त की। निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में दाखिला प्राप्त कर इंजिनियरिंग की पढ़ाई करेंगे तथा तकनीकी क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि सूरज संस्थानों के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर नए कीर्तिमान स्थापित किए है, इस वर्ष घोषित हुए सीबीएसई बोर्ड सहित जेई मेन्स, सीए, नीट, आदि सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

# कब्रिस्तान में ट्यूबवेल लगाने का विरोध

- मुस्लिम समाज ने नारेबाजी कर जताया रोष
- रोषित लोगों ने डीसी को ज्ञापन देकर काम रोकने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा कब्रिस्तान में पेयजल ट्यूबवेल को लगाने को लेकर मुस्लिम समाज में भारी रोष है। इस बारे में मुस्लिम समाज के जिला प्रधान सैयद अहमद खान के द्वारा उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें यह कहा गया है कि रविदास बस्ती (नजदीक जैन कॉलेज के पीछे) कागजों में लगभग 5 एकड़ भूमि है। इसकी मलकीयत हरियाणा (पंजाब) वक्फ बोर्ड द्वारा कब्रिस्तान के लिए स्थाई रूप से आरक्षित है। इस जगह पर लगभग 100 वर्षों से कब्रिस्तान बना हुआ है जोकि चालू हालत में है। यहां पर हमारे पूर्वजों की कब्रें हैं। पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा कब्रिस्तान में पेयजल ट्यूबवेल लगाने की तैयारी की जा रही है। विभाग ने अवैध रूप से इस कब्रिस्तान की भूमि पर ट्यूबवेल लगाने मशीन, पाइपें, ईंटे व अन्य समान भूमि पर लाकर रख दिया गया है। यह सरासर गलत है। यह मुस्लिम समाज के अधिकारों का हनन है। इससे मुस्लिम समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। उनका कहना है कि यह उनके ईमान का हिस्सा है। हमारी पवित्र किताब कुरान करीम में इस बात का जिक्र है कि कब्रिस्तान का एहतराम करो क्योंकि यह पाकीज़ा स्थान है। यहां पर हमारे बुजुर्ग, मासूम बच्चे, बड़े नौजवान, औरतें जो इस दुनियां को अलविदा कह चुके हैं। वह सब अपनी कब्रों में लेटे हुए हैं। हर साल हमारा समाज शबे बरात जोकि हमारी पाकीजा और बा-बरकत रात होती है। उस रात हम खासतौर पर कब्रिस्तान में जाते हैं। अपने प्रियजन की कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं।



अंबाला। कब्रिस्तान की जमीन पर खड़ी बोरिंग मशीन।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुफती मोहम्मद शहबाज कासमी, रजा ए मुस्तफा के प्रधान मेराज आलम, इसरार अहमद,अब्दुल कादिर कमरूल इस्लाम, नासीर हुसैन, शकिल अहमद, कारी उजैर अहमद, कारी मोहम्मद राशिद, नौशाद हुसैन, नीरज सेठ, राजिंदर सिंह बिट्टू, गुरजिंदर सिंह झांडी, शकील अहमद,असद अहमद, मोहम्मद शारिक, मोहम्मद सुहैल, नावेद खान, शाहिद ठेकेदार, अब्दुल वली खान, कमर हसन, जाहिद हुसैन, अकबर अली साबरी, मोहम्मद मोहसिन, गोल्डन राजपूत भी मौजूद थे।

# पर्यावरण दिवस पर सवाल, कब जागेगा इंसान, कब बचेगी जान?

**चंडीगढ़।** पर्यावरण संरक्षणके स्वयंसेवी संगठनों ने चंडीगढ़ में विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) से लोगों को पर्यावरण संरक्षण का ज्ञान देने के लिए एक खास जागरूकता अभियान शुरू किया है।मिट्टी को बचाना, कचरे को कम करना और हरियाली को बढ़ाना इस वर्ष का मुख्य लक्ष्य है। मिट्टी की बचत ही हरियाली को बचाएगी; नदियों, कुओं, बोरवेलों और नहरों का पीने योग्य जल भी प्रदूषण से बचाया जा सकेगा और तभी जीवन फिर से जीवित होगा। साथ ही, कचरा प्रबंधन के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूलों, कॉलोनियों, औद्योगिक क्षेत्रों और व्यावसायिक संस्थानों में कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जा रहा है. इससे लोगों, उद्यमियों और कर्मचारियों को सही तरीके से कचरा पृथक्करण और निपटान की जानकारी मिलेगी।

पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए हमें धर्म, जाति, उम्र, राजनीतिक विचारधारा, संस्कृति या किसी भी अन्य भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होना चाहिए।यदि हम आज नहीं जागेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी क्षमा नहीं करेंगे।यह सिर्फ प्रकृति का नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व का मुद्दा है— यही कारण है कि हमें अब एकजुट होना चाहिए क्योंकि अगर ऐसा नहीं होता तो हमें भविष्य में मुश्किल होगा। मिट्टी की रक्षा जीवन के लिए महत्वपूर्ण है।

## पंद्रह दिन से चल रही नृत्य कार्यशाला का हुआ समापन, दर्शकों ने जमकर लिया लुत्फ

# हरियाणवी नृत्य कला पर कलाकारों ने मचाया धमाल, जमकर बजी तालियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। अंबाला छावनी के लघु बाल भवन में आयोजित यह कार्यशाला पिछले पंद्रह दिन से चल रही थी। प्रोग्राम का आयोजन उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला एवं जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन किया गया 1 इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया की प्रदेश की वैवाहिक रस्में समस्त समाज मिलजुल कर मनाता है 1 यह सामाजिक रिश्ते आपसी विचार विमर्श उपरांत गोत्र मिलान विचार विमर्श किए जाते है 1 विवाह की सूचना मिलते ही लड़के के घर पीली चिट्ठी भेजी जाती है। लड़कें एवं लडकी की मां अपने पीहर में भात न्यातने जाती है । इसी दिन गीतों व भजनों का व्याखयान होने लगता है। सर्वहारा समाज घुल मिल कर चाक पूजने कुम्हार के यहां जाता है। झाब भरी मिट्टी के बर्तनों को सात सुहागन लेकर आती हैं । लड़के-लडकी को बान बिठाया जाता हैं। सात सुहागने मूसल से चोट मारकर जो हल्दी-मटना बनाती हैं। लडकी के यहां बनवाडा निकालते हैं1 भातियों द्वारा मट्ठा रोपने की रसम निभाई जाती हैं। बारात का सेवल ढुकाओ पर आरता – निम झड़ाई आदि की रस्में निभाई जाती हैं । सालियों द्वारा बारातियों को सीठने दिए जाते हैं। इस अवसर पर दूल्हे से साली द्वारा हास्य परिहास और छन सुने जाते हैं। मां द्वारा बेटी को शिक्षा एवम- विदाई रस्म अदा की जाती हैं। कार्यशालाओं में युवा पीढ़ी को लोक संस्कृति परंपराओं से अवगत करवाना और हरियाणवी वेश-भूषा, रीति रिवाजों व पारंपरिक लोक नृत्यों की जानकारी दी गइ्र ताकि बच्चे अपनी लोक संस्कृति के पहरेदार बन सके। वरिष्ठ प्रशिक्षक बुधराम ने बताया की ऐसी कार्यशालाओं के माध्यम से हजारों बच्चों को प्रशिक्षित कर स्कूल, कॉलेज , विश्वविधालय व फिल्म इंडस्ट्री में हरियाणवी कला का प्रचार प्रसार कर रहे हैं ।



अंबाला। हरियाणवी नृत्य पर प्रस्तुति देते कलाकार।

**ये रहे मौजूद**

कार्यशाला के समापन अवसर पर बच्चों द्वारा तैयार नृत्यों की कुमारी निकिता , कनिष्टi, गीतांजलि, मिष्टी, परी, मानवी, राजनंदनी, चेतना, निहारिका, यशिका, पायल, दिव्य, समेत कई कलाकारों ने धमाकेदार प्रस्तुतियां दी।